दिनांक 16 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू उन्मूलन को लेकर हुए विभिन्न आयोजन

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर डेंगू मच्छर को जड़ से खत्म करने के लिए प्राथमिक स्तर पर ही डेंगू के लार्वा को समाप्त करने के लिए टेमीफोस का वितरण घर घर जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क किया जा रहा है! राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के समस्त जोन क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई जिसमें आयुक्त सुंदरानी उपस्थित होकर टेमीफास वितरण करते हुए इसके उपयोग के तरीके भी बताए साथ ही सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया ! आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में जोन क्रमांक 6 रिसाली वार्ड 63 रूआबांधा, जोन क्रमांक 3 के वार्ड क्रमांक 17, वार्ड 23 जोन क्रमांक 1 के वार्ड 12 कांट्रैक्टर कॉलोनी के जोशी लाइन से पांच रास्ता तथा जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर के नालियों में मच्छर रोकथाम हेतु कीटनाशक दवाई मेलाथियान का छिड़काव , घर घर में लार्वा नियंत्रण हेतु टेमीफास दवाई का वितरण इसके उपयोग एवं सुरक्षा के तरीके , सफाई अभियान, शौचालय के गैस पाइप में जाली लगाने का कार्य आदि किया गया!

आयुक्त महोदय टी.बी. एवं क्षय मुक्त भिलाई शहर के आयोजन में खुर्सीपार मंगल भवन के सामने विद्यालय में पहुंचे जहां निगम द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों से जिलाधीश अंकित आनंद को अवगत कराया!

तत्पश्चात डेंगू नियंत्रण के जन जागरूकता रैली में शामिल होते हुए वार्ड क्रमांक 30 बालाजी नगर क्षेत्र श्री राम मंदिर चौक से प्रारंभ होकर अल्लूरी सीता , राम राजू चौराहा, बीएसपी क्वार्टर लाइन मे टेमीफास का वितरण किया गया तथा इसके उपयोग के तरीके भी बताए गए!

आयोजित रैली में जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गंभीर ठाकुर , जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर मंडल , स्वच्छता निरीक्षक महेश पांडे सुदामा परधनिया सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता की टीम एवं लोग मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

" राष्ट्रीय डेंगू दिवस "
विशेष सफाई एवं जागरूकता अभियान
4,वार्ड -30 दिनाँक 16 | 05 | 2019
पालिक निगम भिलाई